हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

07 दिनदहाड़े युवक के अपहरण से सनसनी, परिजनों ने घेरा थानाएनएच...



08 जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूती की मौत पर बवाल, परिजनों ने...



खबर संक्षेप में



स्वर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम संपन्न

नलखेड़ा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माधव कुंज व मुखर्जी परिसर, नलखेड़ा में ह्रस्वस्थ शिशु झ समर्थ भारतह्व के संकल्प के साथ स्वर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक प्रजापति प्रधानाचार्य एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में बालू सिंह एवं सीताराम गुर्जर श्रीमती लीलाबाई अभिभावक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिशु वाटिका प्रभारी अनीता बैरागी एवं रंजना शर्मा दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वर्णप्राशन के महत्व एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश प्रधानाचार्य महोदय द्वारा स्वर्ण प्राशन निर्माण विधि का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमल नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की सहभागिता रही।

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

नलखेड़ा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आज मंगलवार को नगर में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। जिसका शुभारम्भ सांसद रोडमल नागर करेंगे। उक्त जानकारी देते हुवे भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आज मंगलवार को स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित रेन बसेरा परिसर में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 11 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक सागर से आए आयुर्वेद रत्न डॉ अंशुल गुप्ता अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सांसद रोडमल नागर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय द्वारा किया जावेगा। स्वास्थ्य शिविर के शुभारम्भ उपरांत सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा एवं पौधारोपण किया जाएगा।

करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

मंदसौर। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार एवं शासकीय लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में प्राचार्य श्री के.सी. सोलंकी के कुशल निर्देशन में ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026) के तहत एक विशेष ह्यकरियर काउंसलिंग कार्यशालाह्व का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत की संकल्पना के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न सेवा गतिविधियों, शैक्षणिक विकल्पों और भविष्य के रोजगार अवसरों से जोड़ना है। अभियान की गतिविधियों के तहत कार्यशाला में विद्यार्थियों को मीडिया के क्षेत्र में उभरते विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न स्ट्रीम्स तथा उनसे जुड़े मेडिकल एवं अन्य पेशेवर पाठ्यक्रमों (कोर्स) के चयन के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर हरीश परिहार (उच्च माध्यमिक शिक्षक - अंग्रेजी), अनिल जैन (उच्च माध्यमिक शिक्षक - रसायन विज्ञान), अमजद वारसी, और सुरभि शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सेवा सेतु अभियान अंतर्गत नलखेड़ा में शिविर का हुआ आयोजन

सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य है सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना

पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए, नागरिकों की समस्या भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





शासन की जनकल्याणकारी हितग्राहिक मूलक योजनाओ एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सहज और समय बद्व रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान ₹ सरकार आपके द्वार ₹ के अंतर्गत नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 218 हितग्राही मूलक योजनाओं संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें संबंधित विभागों के उपस्थित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा रविवार को मां बगलामुखी मार्ग स्थित रेन बसेरा परिसर में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के लिए पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में योजनाओं से वंचित एवं छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर मौके पर ही नवीन आवेदनों की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। शिविर में महिला बाल विकास, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीयों द्वारा हितग्राहियों के द्वारा दिए गए 218 हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर निराकरण किया।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास शासन द्वारा किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनी ने कहा की सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य शासन प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी को कम करना तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता और समाधान पहुंचना है। उन्होंने कहा जन सेवा ही हमारा संकल्प है, हर नागरिक की समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है, सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और नागरिकों को सम्मान पूर्वक एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में नगर परिषद नलखेड़ा की सामुदायिक संगठन कीर्ति वाजपेई, कंप्यूटर ऑपरेटर जयपाल सिसोदिया को भी प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद के सभी पार्षदगण, एल्डरमैन, परिषद के समस्त कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित थे।



पोरवाल दम्पति हरिद्वार से पैदल यात्रा कर केदारनाथ धाम पहुंचे

मंदसौर। शहर के निवासी जगदीश पोरवाल अपनी पत्नी डालर पोरवाल के साथ उत्तराखंड के चारो धाम की पैदल यात्रा कर रहे है। हरिद्वार से पैदल यात्रा प्रारम्भ करके पोरवाल दम्पति यमुनोत्री एवं गंगोत्री की यात्रा पूर्ण कर केदारनाथ धाम पहुँच गये है। इस दौरान उन्होंने लगभग 821 कि.मी.की पैदल यात्रा सम्पन्न की। इसमें उन्हें 27 दिन का समय लगा है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन प्रातः 6 से शाम को 6 बजे तक पैदल चलते है एवं 30 से 35 कि. मी. तक की यात्रा करते है। पोरवाल दम्पति ने बताया कि पहाड़ो के सुनसान एवं बेहद डरावने जंगलों मे पैदल चलना बहुत ही जोखिमभरा होता है। बारिश मे पहाड़ो से पत्थर गिरने का भय सदा बना रहता है, लेकिन दो दिन तक हुई बारिश मे भी हमने पैदल - यात्रा जारी रखी। वे अब केदारनाथ से बदरीनाथ धाम की और प्रस्थान करेंगे।

50 रोगियों को मिला विशेषज्ञ परामर्श

लायंस क्लब मंदसौर द्वारा निःशुल्क मरीज परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



लायंस क्लब मंदसौर द्वारा जनसेवा के प्रकल्पों की श्रृंखला में चेलावत मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मंदसौर में मेरिंगो सिम्स हॉस्पिटल, अहमदाबाद के सहयोग से एक दिवसीय मरीज परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अहमदाबाद के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न गंभीर बीमारियों से पीड़ित लगभग 50 मरीजों का गहन परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्ष लायन डॉ. के. सी. श्रीमाल ने कहा कि मानव सेवा ही लायंस क्लब का परम ध्येय है। ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के मरीजों को अक्सर अहमदाबाद जैसे बड़े शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह लेने में आर्थिक एवं व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्लब का यह निरंतर प्रयास रहता है कि ऐसे ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएं ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर सही इलाज मिल सके और वे स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें। क्लब के सचिव लायन मयूर सुराणा ने बताया कि लायंस क्लब मंदसौर समाजसेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा।

शिविर के दौरान अहमदाबाद के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिपुल कुमार, कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट एवं हृदय-फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार जैन, न्यूरोलॉजिस्ट तथा डायरेक्टर न्यूरो इंटरवेंशन एवं स्ट्रोक डॉ. मुकेश एन. शर्मा, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. राजीव कुमार बंसल एवं हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अंकित जितानी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की पुरानी बीमारियों की रिपोर्ट देखकर उन्हें खान-पान, परहेज और आधुनिक उपचार तकनीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर लायन डॉ. प्रदीप चेलावत, सुभाष बग्गा, आशीष सिंह मंडलोई , मोतीसिंह रावत, गौरव रत्नावत, सिद्धार्थ पोरवाल एवं लायन जयंत चौधरी सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीषसिंह मण्डलोई ने किया तथा अंत में आभार सचिव मयूर सुराणा ने व्यक्त किया।

बलराम कृषि महोत्सव की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई

मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशन में मंदसौर में 6 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। स्थानिय कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले कृषि महोत्सव की तैयारी के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन की अध्यक्षता में बैठक सोमवार को आयोजित की गई। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में मौजूद थे। बलराम कृषि महोत्सव के संबंध में कलेक्टर श दिव्यांक सिंह द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सोपें गए हैं। अधिकारियों को सौपे गए दायित्वो की समीक्षा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन द्वारा बैठक में की गई। सभी अधिकारियों को गंभीरता से समय सीमा में दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश जैन द्वारा दिए गए। कृषि महोत्सव में जिले के बड़ी संख्या में कृषक सम्मिलित होंगे। बैठक में सीईओ जैन द्वारा कृषि महोत्सव के लिए तकनीकी सत्र कृषक प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम, पेय जल, विद्युत, सफाई, चिकित्सा, परिवहन, मंच व्यवस्था, कृषकों को लाने ले जाने के लिए यातायात वाहन व्यवस्था इत्यादि के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

स्कूल के छात्र वंशज कटारिया गुजरात की शैक्षणिक व सांस्कृतिक यात्रा से लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11वीं गणित विषय के होनहार छात्र वंशज कटारिया ने विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशज का चयन गणित विषय के राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड के लिए हुआ था, जिसके अंतर्गत वे गुजरात के शैक्षणिक व सांस्कृतिक यात्रा पर गए थे। गुजरात की सफल यात्रा से वापस लौटने पर विद्यालय परिसर में छात्र वंशज का फूल-मालाओं, तिलक लगाकर और करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सहपाठियों और शिक्षकों में भारी उत्साह देखा गया।

बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की

वंशज की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश बंशिया और समस्त शिक्षक स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की है। प्राचार्य ओम प्रकाश बंशिया ने वंशज को बधाई देते हुए कहा कि हमारे स्कूल के गणित विषय के छात्र का राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड के लिए चुना जाना और गुजरात दौरे पर जाना पूरे नलखेड़ा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह सफलता साबित करती है कि शासकीय स्कूलों के बच्चे भी सही मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। वंशज की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। दौरे से लौटे छात्र वंशज कटारिया ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा उनके जीवन का सबसे बेहतरीन अनुभव थी, जहाँ उन्हें देश भर के अन्य प्रतिभावान छात्रों से मिलने और बहुत कुछ नया सीखने का मौका मिला।

वैज्ञानिक और सांस्कृतिक स्थलों का किया भ्रमण

गुजरात यात्रा के दौरान वंशज को कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्थलों को देखने और सीखने का अवसर मिला। इस यात्रा के मुख्य आकर्षण में साइंस सिटी अहमदाबाद जहाँ वंशज ने आधुनिक विज्ञान, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी प्रदर्शनियों को देखा और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा को देखकर देश के इतिहास और इंजीनियरिंग के बेजोड़ तालमेल को समझा। अमूल डेयरी आणंद में श्वेत क्रांति के जनक माने जाने वाले अमूल के प्लांट का भ्रमण कर सहकारी समितियों के काम करने के तरीके को जाना।

पोरवाल कुटुंब सहायक संस्था की बैठक

रमेशचंद्र अध्यक्ष व रामगोपाल मानसेवी सचिव मनोनीत





हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पोरवाल कुटुंब सहायक संस्था मंदसौर की आवश्यक बैठक रविवार को संस्था कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संस्था के नियमित संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता, भानपुरा ने संस्था के नियमित संचालन में आ रही समस्याओं को सदन के समक्ष रखा।अपने दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थता व्यक्त की इसके पश्चात उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने विचार विमर्श कर समस्त सदस्यों ने सर्वानुमति से पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया के संस्था संचालन के अनुभव को दृष्टिगत रखते अध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया। इसके पश्चात रामगोपाल महाजन,जगदीश काला, माणक लाल चौधरी शामगढ़,राधेश्याम सेठिया गरोठ आदि को कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में मनोनीत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने सर्वानुमति से मानसेवी सचिव पद पर रामगोपाल महाजन को मनोनीत किया। साथ ही संस्था में सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व हेतु दीनदयाल फरक्या उज्जैन, प्रवीण मेहता उन्हेंल अजय धनोतिया रतलाम, राधेश्याम डपकरा रामगंजमंडी, दिलीप सेठिया मंदसौर, घनश्याम काला गुराडिया नरसिंग आदि को विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया। संस्था कार्यालय के सुव्यवस्थित संचालन हेतु कार्यालय सचिव के रूप गोविन्द मांदलिया की नियुक्ति की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त 70 कॉल सहायता प्रकरणों के भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान की।

अपेक्स बैंक के प्रशासक 6 अक्टूबर को मंदसौर दौरे पर



मंदसौर। मप्र राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्रसिंह यादव 6 अक्टूबर को मंदसौर जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 5 अक्टूबर की शाम 7 बजे मंदसौर पहुंचेंगे। प्रवास के दौरान यादव 6 अक्टूबर को कृषि उपज मंडी मंदसौर में आयोजित बलराम महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद जिला सहकारी बैंक मंदसौर के मुख्यालय में प्रातः 10:30 बजे बैंक की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में बैंक की 35 शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं फील्ड अधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रशासक यादव प्रवास के दौरान बैंक से संबद्ध पैक्स धुधड़का एवं कचनारा का भी दौरा करेंगे। इस दौरान इफको आउटलेट, ड्रोन गतिविधियों तथा मांगलिक भवन का निरीक्षण भी किया जाएगा। जिले में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

ग्रामीण चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, चार्ज क्लर्क व तकनीकी सहायकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर ग्रामीण चार्ज अधिकारियों, अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों, चार्ज क्लर्क एवं तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से ई-दक्ष केंद्र, मंदसौर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत संपादित किए जाने वाले कार्यों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है, ताकि जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर सत्येंद्र राठौर के साथ जनगणना निदेशालय से आए मास्टर ट्रेनर अभिषेक ठाकुर एवं अमित घोरे द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न कार्यों, प्रक्रियाओं, तकनीकी व्यवस्थाओं एवं संबंधित दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य में उपयोग होने वाली तकनीकी व्यवस्थाओं, मोबाइल एप्लीकेशन, ऑनलाइन प्रक्रियाओं तथा मैदानी स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में भी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों ने कहा कि जनगणना 2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक स्तर पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें अपने दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों को लेकर प्रश्न एवं जिज्ञासाएं रखीं, जिनका मास्टर ट्रेनरों द्वारा समाधान किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक रूप से तैयार किया जा रहा है।

सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज अखाड़ा के पहलवानों का किया सम्मान

भानपुरा। जलझूलनी एकादशी ढोल ग्यारस के पावन अवसर पर सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज अखाड़ा के नन्हे मुन्ने व युवा पहलवानों ने अखाड़े के प्रदर्शन से अपनी कला, मेहनत और अनुशासन का परिचय दिया उसके परिणाम स्वरूप सकल हिंदू समाज की सर्वोच्च संस्था सनातन धर्म मंडल भानपुरा की ओर से आप सभी को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र तथा दूध की व्यवस्था की गई थी जिसे छोटे महादेव मार्ग स्थित पुरानी नगर माता परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रमाण पत्र समाज अध्यक्ष शिवाजी बंबोरिया सहित समाज व अखाड़े के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी पहलवानों को प्रमाण पत्र भेंट कर दूध पिलाकर लगातार अच्छे प्रदर्शन एवं योग प्राणायाम व कसरत आदि अपने स्वस्थ जीवन को उत्तम बनाने की मां नाना देवी से प्रार्थना की। समाज अध्यक्ष बंबोरिया ने कहा कि पहलवानों के लिए दूध वितरण का जो कार्यक्रम रखा गया है व इसी भावना का प्रतीक है कि हमारे पहलवान स्वस्थ रहें, मजबूत रहे। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष शिवाजी बंबोरिया सहित समाज सचिव राजेश निंबोदिया अखाड़ा उस्ताद रुपेश भानपिया व अखाड़ा उस्ताद सुनील रुद्रवाल भरत /रिंकू भाना आदि रहे मौजूद।



खबर संक्षेप

राजौरी जम्मू के ट्रक ड्राइवर की हादसे में मौत

देवास। जिले के टोंककला क्षेत्र में शनिवार देर रात सडक़ हादसे में राजौरी के 26 वर्षीय ट्रक ड्राइवर मोहम्मद साजिद की मौत हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पहचान नहीं होने के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। रविवार को ट्रक ड्राइवरों के ग्रुप में हादसे की जानकारी पहुंची। जिसके बाद साजिद के दोस्त इरफान ने अस्पताल पहुंचकर उसकी पहचान की। इरफान को हादसे की जानकारी मिली तो वह जिला अस्पताल पहुंचा। उसने शव की पहचान मोहम्मद साजिद के रूप में की। साजिद मुंबई से माल लेकर जा रहा था, तभी उसका ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पहचान होने के बाद इरफान ने राजौरी में साजिद के परिवार से बात की। परिजनों ने देवास आने में असमर्थता जताई।इसके बाद इरफान ने साजिद का शव राजौरी पहुंचाने का फैसला किया। ट्रक मालिक ने एंबुलेंस और अन्य व्यवस्थाओं में भी मदद की।

खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

देवास। मंदसौर में 4 अक्टूबर 2026 को आयोजित अंडर-17 रोलबॉल स्टेट चैंपियनशिप में देवास की फ्लाइंग व्हील्स स्केटिंग फाउंडेशन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में फ्लाइंग व्हील्स स्केटिंग फाउंडेशन की अंडर-17 टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में कप्तान मयूर दुर्वे, केशव ठाकुर, निशित ठाकुर, तरुण कुमावत, यथार्थ बारगे, दिव्यांश वर्मा एवं ऋषि ठाकुर शामिल रहे। टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम को स्वर्ण पदक दिलाया।

14 स्थानों पर जनचौपाल लगाकर पुलिस ने किया आमजन से सीधा संवाद

त्योहारों में शांति-सौहार्द बनाए रखने की अपील, सीसीटीवी लगाने किया जागरूक

पुलिस ने आयोजन समितियों और नागरिकों से दुर्गा पंडालों एवं आयोजन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद, विश्वास और समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से देवास पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनचौपाल आयोजित की गई। सोमवार को जिले के 14 स्थानों पर पुलिस टीमों ने पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान स्थानीय लोगों की समस्याएं और सुझाव सुने गए तथा अपराधों की रोकथाम सहित सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में आयोजित जनचौपाल में आगामी दुर्गा पूजा एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। पुलिस ने आयोजन समितियों और नागरिकों से दुर्गा पंडालों एवं आयोजन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, सुरक्षित आवागमन और भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने को कहा। साथ ही प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी गई।

14 स्थानों पर हुआ सीधा संवाद

थाना बागली की टीम ने ग्राम कुपगांव, खातेगांव ने घोड़ीघाट, कांटाफोड़ ने लोहारदा, उदयनगर ने पीपलपाटी, भौरासा ने शादीखेड़ा, पीपलरावां ने जमोड़ी, बरोठा ने खोखरिया, सतवास ने डाबरी बुजुर्ग, सोनकच्छ ने सांवेर, सिविल लाइन ने जयश्री नगर, नेमावर ने कस्बा नेमावर, नाहर दरवाजा ने मीठा तालाब, हाटपीपल्या ने मनासा तथा टोंकखुर्द थाना पुलिस ने कस्बा टोंकखुर्द में जनचौपाल आयोजित की।

अपराध रोकने में कारगर

जनचौपाल के दौरान ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' के तहत नागरिकों को सीसीटीवी कैमरों के महत्व की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम के साथ घटनाओं के खुलासे और आरोपियों की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागरिकों से घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई।

सायबर जागरुकता

पुलिस ने नागरिकों को अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन प्रलोभनों से सावधान रहने की सलाह दी। OTP, PIN, पासवर्ड तथा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते ठगी की राशि को होल्ड कराने का प्रयास किया जा सके।

महिला सुरक्षा और नशामुक्ति पर भी जोर

जनचौपाल में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया। वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, निर्धारित गति में वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की गई। पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सोशल मीडिया पर अपुष्ट, भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित नहीं करने की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना देने को कहा गया।

जनचौपाल में लोगों से संवाद

देवास पुलिस के अनुसार 1 नवंबर 2024 से अब तक जिले में कुल 4562 जनचौपाल आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 1,47,970 लोगों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया है। पुलिस का कहना है कि जनचौपाल के माध्यम से आमजन और पुलिस के बीच संवाद बढ़ाने के साथ नागरिकों को अपराधों से बचाव और सुरक्षा के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

पति सहित सास ससुर पर हत्या का प्रकरण दर्ज

फरार पति की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के मल्हार टोडी क्षेत्र में 32 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति चौहान की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मामले में पति गोविंद चौहान के साथ-साथ उसके माता-पिता (सास-ससुर) को भी आरोपी बनाया है। सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि आरोपी पति फरार है।दरअसल, 4 अक्तूबर को 32 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह घर की रसोई में फर्श पर बेसुध मिली थी। शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे।पुलिस ने बताया कि जांच में प्रीति के साथ मारपीट, मुंह दबाने की घटना सामने आई है। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।प्रीति की डेढ़ साल पहले गोविंद चौहान से शादी हुई थी। शुरुआत में दोनों सास-ससुर के साथ रहते थे। बाद में अलग रहने लगे थे।वहीं, प्रीति के अंकल ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले (करीब 10.30 बजे) उनकी प्रीति से बात हुई थी। प्रीति ने पति और अन्य लोगों से विवाद की बात बताई थी। कहा था कि उसकी साड़ी जला दी गई है।सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि हत्या का प्रकरण दर्ज कर प्रीति के सास-ससुर को भी आरोपी बनाया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार पति की बाइक को ट्रेस कर लिया गया है।उसके संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है। प्रीति की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी।

उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत, किया स्वागत



देवास। देवास जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 14 के उपचुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सुनील अमानसिंह चौहान की जीत पर नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पंवार के नेतृत्व में निगम कार्यालय पर सभी वरिष्ठ व युवा साथियों द्वारा उनका पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर चुनाव प्रभारी रघुवीर सिंह बघेल काजू भैया का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर संतोष मोदी, जाकिर उल्ला शेख, चंद्रपाल सिंह सोलंकी छोटू ,प्यारे पठान ,संतोष बैस, आबिद ख़ान, सलीम पठान,हिम्मत चावड़ा , कमल मुकाती, रवीन्द्र सिंह राठौड़ , मुकेश शर्मा , सुनील कप्तान, बने सिंह अस्ताया, धर्मेन्द्र पटेल ,अंकित जैन, रघुवीर सिंह चौहान, रोहन वाघमारे , लोकेश गोस्वामी , जितेंद्र मालवीय, शेषन कल्याणे यह जीत संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर पूरी टीम को भी जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

स्व. रामनिवास मंगल की प्रतिमा का हुआ अनावरण

देवास। गीता भवन ट्रस्ट मंडल देवास के पूर्व प्रबंधक स्व. रामनिवास मंगल की प्रतिमा का अनावरण सोमवार को किया गया। रामद्वारा के महंत स्वामी श्री राम नारायण एवं श्री रामद्वारा देवास के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ समाजजनों ने स्व. मंगल के व्यक्तित्व एवं सेवाओं को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व. रामनिवास मंगल ने गीता भवन के प्रबंधक के रूप में लंबे समय तक निष्ठा, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके योगदान और सेवाभाव को सदैव याद किया जाएगा। उनकी प्रतिमा का अनावरण उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। इस अवसर पर रमेश चंद्र रघुवंशी, गीता भवन ट्रस्ट अध्यक्ष शरद तिलकराज त्रेहन, ट्रस्टी प्रहलाद अग्रवाल, अशोक खंडेलिया, प्रदीप लाठी, मोहन अनंत, नारायण गोयल, लोकेश, रमेश चंद्र रघुवंशी, विनोद तिवारी, सुरेशचंद्र मंगल, हरिनारायण विजयवर्गीय, संजय शर्मा, मंडी कार्यकारिणी से अशोक विजयवर्गीय एवं कल्याण भूतड़ा, बरामेश्वर जलोदिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे।

मीना बाजार में दुकानें व झूले लगाने का काम शुरू



देवास। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली 90वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी (मीना बाजार) के आयोजन को लेकर स्थानीय पुलिस ग्राउंड स्थित मुख्य मीना बाजार स्थल पर दुकानों के निर्माण और झूले लगाने का काम शुरू हो गया है।इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों पर आकर्षक डेकोरेटिव लाइट लगाने का कार्य भी निगम के विद्युत विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। नवरात्रि के दौरान शहर में आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निगम द्वारा सफाई, पेयजल, विद्युत एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है।महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 8 अक्टूबर तक मीना बाजार की साज-सज्जा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि बाजार में आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

माता टेकरी पर दोबारा खुलेगा अन्न क्षेत्र



देवास। माता टेकरी पर श्रद्धालुओं को अब भोजन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। करीब एक महीने से बंद पड़ा अन्न क्षेत्र नवरात्र से पहले फिर से शुरू होने जा रहा है। मंदिर समिति ने इसके संचालन की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार से अन्न क्षेत्र में सफाई और रंग-रोगन का काम कराया गया। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा काफी अहम है। समिति के अनुसार, काम तेजी से पूरा किया जा रहा है और एक-दो दिन में अन्न क्षेत्र दोबारा खोल दिया जाएगा। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि भोजन प्रसादालय जल्द शुरू होगा। नवरात्र में माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में अन्न क्षेत्र के फिर से शुरू होने से भक्तों को राहत मिलेगी।

परीक्षा में 10,301 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। चार माह चले अभियान में जिले के 235 विद्यालयों के 10,301 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। जिला समन्वयक बीएल खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष 250 विद्यालयों के माध्यम से 11 हजार विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके मुकाबले 95 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। तहसीलवार देवास में 74 विद्यालयों के 3321, हाटपीपल्या में 29 के 1273, कन्नौद में 17 के 1021, उदयनगर में 13 के 970, सतवास में 18 के 891, बागली में 34 के 853, खातेगांव में 18 के 817, सोनकच्छ में 18 के 662 और टोंकखुर्द में 14 विद्यालयों के 493 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि टोंकखुर्द, सतवास और उदयनगर तहसीलों ने गत वर्ष की तुलना में प्रगति की। परीक्षा के सफल आयोजन में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों, तहसील समन्वयकों, परीक्षा प्रभारियों, शिक्षकों एवं गायत्री परिजनों का सहयोग रहा। जिला समन्वय समिति ने आभार व्यक्त किया।

एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवास कॉरपोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक संगठन अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के निवास पर आयोजित हुई। बैठक में आगामी 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाली अंडर-14 एवं अंडर-16 जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। प्रतियोगिता के लिए पुलिस परेड ग्राउंड देवास को आयोजन स्थल के रूप में चयनित किया गया है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 11 नवंबर को हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देवास का प्रतिनिधित्व करेंगे।एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि युवाओं में एथलेटिक्स के प्रति रुझान बढ़ रहा है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक है, बल्कि खिलाड़ियों के लिए करियर की भी बेहतर संभावनाएं उपलब्ध कराता है। सचिव मनोज सिंह ने बताया कि संगठन में अनुभवी कोच उपलब्ध हैं। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए नियमित अभ्यास कराया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं भी खिलाड़ियों को कोचिंग देंगे। बैठक का संचालन होशियार सिंह चौहान ने किया तथा आभार मनोज सिंह ने माना।

ऑनलाइन बिजनेस के नाम पर की 9 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ऑनलाइन बिजनेस में अच्छा मुनाफा कमाने और टारगेट पूरा करने का झांसा देकर करीब 9 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में कमलापुर पुलिस ने तीन और आरोपियों को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.50 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। मामले में पांच आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं।पुलिस के अनुसार चापड़ा निवासी शुभम को ऑनलाइन बिजनेस का लालच देकर टारगेट पूरा करने के नाम पर करीब 9 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। फरियादी की शिकायत पर कमलापुर थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को अहमदाबाद, गुजरात भेजा गया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि पुलिस टीम ने 3 अक्टूबर को अहमदाबाद के कुबेर नगर क्षेत्र से अमित यादव (22), निखिल सिंह भदौरिया (22) और निशंक सिंह राठौड़ (22) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने बैंक में खाता खुलवाकर उसे महिपाल सिंह नामक व्यक्ति को बेच दिया था। उक्त खाते का इस्तेमाल ट्रेडिंग के नाम पर किया गया था।गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को न्यायालय बागली के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक भीम सिंह गणावा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, अर्जुन सिंह राव, सत्यप्रकाश मिश्रा, आरक्षक विवेक गांगे, सचिन चौहान, युवराज सिंह तथा साइबर सेल देवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कांटाफोड़ वन क्षेत्र में तेंदुए का शव मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

वन परिक्षेत्र कांटाफोड़ की बीट कानड़ा दक्षिण-पूर्व के कक्ष क्रमांक 444 में 3 अक्टूबर को एक तेंदुए की मृत्यु की सूचना वन विभाग को मिली। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने एनटीसीए नई दिल्ली एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश भोपाल से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल को सुरक्षित किया। घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में डॉग स्क्वायड की सहायता से सघन जांच की गई। वन विभाग के अनुसार प्रथम दृष्टया तेंदुए की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से होना पाया गया। जांच के दौरान तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित मिले तथा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई। इसके बाद स्थानीय पशु चिकित्सकों एवं वन्यजीव विशेषज्ञों की मौजूदगी तथा डीएफओ अमीत कुमार सिंह, एसडीओ विकास मोहरे, रेंजर पायल शर्मा व वन विभाग स्टाफ कि उपस्थित में तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार वन विभाग द्वारा तेंदुए का विधिवत दाह संस्कार किया गया।

सेवा सेतु शिविर में 104 आवेदन प्राप्त, 80 का मौके पर निराकरण

आयोजित शिविर में हितग्राहियों को सौंपे स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को नगर परिषद बागली में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 80 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।शिविर में विधायक मुरली भंवरा, नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव, कमल यादव, विष्णु प्रसाद देवड़ा,डा अमित नागर,अनुराग गुप्ता, अखिल बडोला, सूर्यप्रकाश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 17 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के 26 तथा पेंशन योजना के 11 हितग्राहियों को भी स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा संबल योजना के एक हितग्राही को भी योजना का लाभ दिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि बागली नगर के प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए वंचित हितग्राहियों को चिह्नित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु प्रसाद देवड़ा ने कहा कि सेवा सेतु अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से शिविर आयोजित कर नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में ऊर्जा विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, खाद्य विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इनमें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, संबल योजना, पेंशन योजना, , आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया पूरी की गई।नगर परिषद द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की पहल की गई। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पितृपक्ष के दौरान यादव मोहल्ला शीतला माता मंदिर स्थित गोया में यादव अहीर परिवार द्वारा सामूहिक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिवस भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग के प्रसंगो ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथावाचक भगवताचार्य पंडित संतोष शर्मा ने प्रसंग के माध्यम से भक्ति संस्कार और जीवन मूल्यों का संदेश दिया। कथावाचक शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के वर्णन के दौरान पूतना वध माखन चोरी तथा माता यशोदा के साथ कान्हा की बाल- सुलभ शरारतों का प्रसंग सुनाया। इसके बाद गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर बृजवासियो को इंद्र के प्रकोप से बचाया। कथा में छप्पन भोग की परंपरा और भगवान के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण के भाव को विस्तार से बताया गया। पितृपक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंडित शर्मा ने कहा कि यह समय अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके स्मरण का अवसर है। इस अवसर पर समाज बंधु सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद थे

राज्यमंत्री, विधायक व नपाध्यक्ष ने अर्पित की पुष्पांजलि, समाज की विभूतियां सम्मानित

श्री वर्णीजी की 152वीं जयंती पर शिक्षा के साथ संस्कारों को बढ़ाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा को जीवन का ध्येय बनाकर समाज को नई दिशा देने वाले महान संत एवं शिक्षाविद् क्षुल्लक श्री 105 गणेशप्रसाद वर्णी महाराज की 152वीं जन्म-जयंती रविवार को श्री वर्णी जैन जूनियर कॉन्वेंट विद्यालय में श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। समारोह में वर्णी के शिक्षा और समाजोत्थान में योगदान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

श्रीदिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के अंतर्गत श्रीवर्णी जैन कॉलेज समिति द्वारा आयोजित समारोह में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं नपाध्यक्षा सोनाली जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों एवं समाजजनों ने दीप प्रज्वलित कर वर्णीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में वक्ताओं ने वर्णीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे संस्कार, चरित्र निर्माण और समाजसेवा से जोड़ा। शिक्षा के प्रसार और समाजोत्थान के लिए उनका समर्पित जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने नई पीढ़ी से वर्णी जी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा शिक्षा के साथ सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह में रंग भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रशिक्षण एवं निर्देशन के लिए शैलेन्द्र सागर एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया।

समारोह में जनप्रतिनिधियों, दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति पदाधिकारियों, श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज पूर्व पदाधिकारियों, समाज श्रेष्ठियों, पत्रकारों, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं दानदाताओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति से डा.अक्षय टड़ैया, आकाश जैन, कोषाध्यक्ष सीए सौरभ जैन, संयोजक सनत जैन, भूपेंद्र जैन, श्रेयांश जैन, महेंद्र, सतीश जैन, सीए संजीव जैन, डा.राजकुमार जैन, अनुपम, अरविंद, प्रफुल्ल जैन, दिलीप चौधरी, अमित प्रिय जैन, अंकुर मिठया, अंशुल, प्रदीप अनौरा, हाकिम सिंह, ज्योति सिंह लोधी, रमेश गदयाना, जिनेन्द्र नजा, स्वतंत्रता मोदी, प्रभात, रवीन्द्र अलया, विजय, राजेश यादव, एमपी सिंह, हरीश कपूर, अनिल अंचल, विजय, ममता, दीप्ति जैन, अजय, अशोक जैन, पूर्व पार्षद पंकज जैन, शीलचंद, अखिलेश, ऋषभ टड़ैया, देवेंद्र पंसारी, ऋषभ सतभैया, आलोक टड़ैया, अंकित चौधरी, अधिवक्ता नीरज जैन, वैभव जैन, संजय रसिया, विजय जैन, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, डा.आलोक जैन, महेश जैन, धन्यकुमार, प्रधानाचार्या स्नेहलता आचार्य, कोमल दादा, रोहित जैन, सुनील संचय, अंकुर सानू बाबा, अनूप ताम्रकार एवं सुरेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। तीर्थ क्षेत्र समिति अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारीगण, दिगम्बर जैन मंदिरों के प्रबंधक तथा श्री वर्णी जैन कॉलेज समिति के शिरोमणि संरक्षक, परम संरक्षक एवं संरक्षक सदस्यों की भी विशेष उपस्थिति रही। पत्रकारों, छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, सेवकों एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। जन्म-जयंती के अवसर पर वर्णी जी की शिक्षा-दृष्टि को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से श्री वर्णी जैन जूनियर कॉन्वेंट विद्यालय को और अधिक आधुनिक एवं सुविधासंपन्न बनाने का संकल्प लिया गया। इसके तहत विद्यालय में फर्नीचर एवं साज-सज्जा के नवीनीकरण के साथ बच्चों के लिए झूले, प्रयोगशाला, संगणक कक्ष सहित अन्य आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया गया। समारोह की व्यवस्थाओं में श्रीवर्णी जैन कॉलेज समिति अध्यक्ष संजीव जैन 'ममता स्पोर्ट्सइ, प्रबंधक/सचिव सन्मति सराफ, कोषाध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक अनौरा, मुकेश सराफ, राजेश बड़कुल, अधिवक्ता निर्मल जैन, अधिवक्ता सुरेश बाबू जैन, सचेन्द टड़ैया एवं अधिवक्ता राजकुमार जैन सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। समारोह का संचालन श्री वर्णी जैन कॉलेज समिति के प्रबंधक/सचिव सन्मति सराफ ने किया।

यात्री कर अधिकारी पर लगाए आरोप

एनएच-44 पर वाहन चालकों ने चक्काजाम किया, 5-5 किमी तक लगी वाहनों की कतार



जांच के आश्वासन के बाद खुला जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सुबह नेशनल हाईवे-44 पर वाहन चालकों के चक्का जाम के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। कैलागुवां तिराहे से रामनगर सुरई घाट तिराहे के बीच वाहन चालकों ने हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। घटना में सुबह करीब दो घण्टे तक चले चक्काजाम के कारण हाईवे के दोनों ओर करीब पांच-पांच किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगाने वाले वाहन चालकों ने परिवहन विभाग की यात्री कर अधिकारी लिलि चौधरी पर वाहन चालकों को जबरिया परेशान करने और बेवजह चालान काटने के आरोप लगाए। प्रदर्शन कर रहे वाहन चालक प्रकाश साहू ने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग के नाम पर चालान किए जा रहे हैं, जिससे वाहन चालक परेशान हैं। प्रकाश साहू ने यह भी आरोप लगाया कि सोमवार को यात्री कर अधिकारी एक पिकअप वाहन का पीछा कर रही थीं और इस दौरान वह गलत साइड से वाहन का पीछा कर रही थीं। जिस कारण से किसी भी बड़े हादसे की संभावना से इन नही किया जा सकता हैं।

हाईवे पर जाम और वाहन चालकों के हंगामे की सूचना मिलते ही यातायात प्रभारी आलोक तिवारी तथा शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित वाहन चालकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। काफी देर तक समझाइश और बातचीत के बाद अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद वाहन चालक शांत हुए और करीब पौने दो घंटे बाद हाईवे पर यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी। जाम समाप्त होने के बाद हाईवे पर फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकाला गया।

एआरटीओ आकिब खुर्शीद ने कहा कि यात्री कर अधिकारी पर लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हाईवे पर अचानक लगे जाम से करीब पौने दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। फिलहाल पूरे मामले में परिवहन विभाग की जांच और उसके निष्कर्ष पर सभी की नजर है।

विस के पूर्व होने वाले चुनाव को चुनौती के रूप में लेना है: रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्नातक विधायक चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

भारतीय जनता पार्टी के हाईवे स्थित जिला कार्यालय पर स्नातक विधायक चुनाव को लेकर नगर मण्डल ललितपुर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन नगर मण्डल अध्यक्ष भगतसिंह राठौर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं स्नातक विधानसभा चुनाव के क्षेत्रीय संयोजक अशोक सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि विधानसभा के पूर्व होने वाले इस चुनाव को हमें एक चुनौती के रूप में लेना है। हालांकि हमारी पार्टी हर चुनाव को चुनौती ही मान कर ही लड़ती है और विजयी होती है । हम सबको प्रयास कर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को नामांकन में 6 तारीख को झांसी पहुचना है ।उन्होंने कहा कि हमें हर वीस वोटों पर एक एक कार्यकर्ता को पन्ना प्रमुख वनाना है और सम्पर्क करना है । उन्होंने कार्यकर्ताओं से जी जान से चुनाव में जुट जाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के एम एलसी चुनाव क्षेत्रीय संयोजक अशोक सिंह राजपूत ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इस बार हमारे कार्यकर्ताओं ने स्नातक वोटर बनाने में बहुत मेहनत से कार्य किया है और उसी का परिणाम है कि जिले में ऐसा एक भी गांव नहीं है जिसमें स्नातक वोटर नहीं हों।यह स्नातक एम एल सी चुनाव हमें विधानसभा चुनाव के पूर्व एक परीक्षा का मौका है जिसमें सौ प्रतिशत सफल होना है । उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित संगठनात्मक पर पार्टी है कार्यकर्ता और कार्यकारिणी हर बूथ स्तर तक है और हम लोग भी हर कार्यकर्ता को एक एक वोटर की मानीटरिंग करने का काम कर शत प्रतिशत वोटिंग करवाने का प्रयास करेंगे। अन्त में नगर महामंत्री मनोज कुमार खटीक एड ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला उपाध्यक्ष रुचिका बुन्देला, अवतार सिंह लोधी एड, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री ध्रुव सिंह सिसौदिया, किरण अग्रवाल, धर्मेंद्र पाठक, आशीष हुड्डैत, विक्रम प्रताप सिंह बुंदेला, अमन सोनी, रानी जहां, अर्चना राजपूत, रोहित रावत,डा तेजस्व श्रीवास्तव,डा बालकिशन राजपूत, संजय अहिरवार, निगवेन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा के त्रिवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न

राजेश अध्यक्ष, विपिन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौरभ सेतू बने मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीचित्रगुप्त कायस्थ सभा के त्रिवार्षिक निर्वाचन वर्ष 2026 के अंतर्गत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन के बाद सभा की नई कार्यकारिणी में राजेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है।

नई कार्यकारिणी में विभिन्न दायित्वों के लिए कुल 10 पदाधिकारियों का चयन किया गया है। जारी सूची के अनुसार राजेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विपिन बिहारी श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा अवधेश श्रीवास्तव को कनिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में सौरभ श्रीवास्तव (सेतू) को मंत्री, प्रमेन्द्र कुमार खरे को कोषाध्यक्ष तथा आशीष श्रीवास्तव को उप मंत्री निर्वाचित किया गया है। कार्यकारिणी में मनीष श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, नीरज कुमार सक्सेना को प्रचार मंत्री तथा मनीष श्रीवास्तव (रिंकू) को सांस्कृतिक मंत्री का दायित्व दिया गया है। डा.यशबद्धन श्रीवास्तव को ऑडिटर बनाया गया है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी गठन के साथ ही कायस्थ समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूत करने, सामाजिक एकजुटता बढ़ाने तथा समाजहित में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। इस दौरान प्रमोद कुमार सक्सेना, शैलेश खरे, नरेश श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, अनुराग शरण श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव (कबीर), अनूप श्रीवास्तव, अनिल खरे, राजू श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, राजीव खरे, नीरज खरे, संजय खरे, विनय सिन्हा, राजीव श्रीवास्तव (इंद्रप्रस्थ), संदीप खरे, अमित, आलोक खरे, श्रीवास्तव (हेमू) अभिषेक श्रीवास्तव, नीलू श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, आरुष खरे, अंश श्रीवास्तव, अक्षय श्रीवास्तव, अपेक्षा श्रीवास्तव, आशी खरे, आरोही श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, रमन शर्मा, जयहिंद सिंह, कृष्णपाल सिंह, पहलवान सिंह, सुरेंद्र पटेरिया, रामकिशोर उपाध्याय, शिवम तिवारी, सीताराम निरंजन समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

14 दिसंबर को दिल्ली चलो का संकल्प

गो संरक्षण और गो सेवा को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया



ललितपुर। गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत बुढ़वार रोड स्थित पीतांबरा ग्रेनाइट मंदिर में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में गो संरक्षण, गो सेवा तथा गो माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के उद्देश्य से संचालित अभियान की आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान से जुड़े गौ सेवकों एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोडने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अब तक अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी साझा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण को केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न रखते हुए भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण से जुड़े विषय के रूप में भी समाज के सामने रखने की आवश्यकता है। इस दिशा में जनजागरूकता बढ़ाने तथा अभियान का संदेश गांव-गांव और आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक का प्रमुख केंद्र 14 दिसंबर को प्रस्तावित दिल्ली चलो अभियान रहा। गो माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस अभियान को लेकर उपस्थित गौ सेवकों से जनसंपर्क तेज करने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोडने का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं ने अभियान के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने तथा आगामी दिनों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने की बात कही। आने वाले दिनों में अभियान को व्यापक स्वरूप देने के लिए जनसंपर्क अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित गो सेवकों ने गो सेवा एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 14 दिसंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। मासिक बैठक के समापन के बाद सभी गो सेवकों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। सामूहिक भोज के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संवाद और सहभागिता का माहौल रहा। आयोजकों ने कार्यक्रम में शामिल सभी गौ सेवकों एवं सहयोगियों का आभार जताया। बैठक में प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे, सचिन जैन, पुष्पेंद्र चौहान, गौरव चौधरी, अंकित नायक, सौरभ गोस्वामी, डा.विशाल जैन, कुलदीप दुबे, मयंक वैद्य, मोनू, बंटी, अंश, वंश, दीपक राठौर, आशीष गोस्वामी, जितेंद्र राठौर, पत्रकार अमित लखेरा, उमेश तिवारी, श्रीयांश जैन, नीतीश जैन, सानू राजा, सानू, नेपाल सिंह, आकाश गोस्वामी, सत्येन्द्र यादव सेतु, यशपाल यादव, ब्रजेश झा, दीनदयाल, मयंक राजा, रोहित राजा, सचेंद्र राजा, देवू शिवम, ब्रजेश, ध्रुव राजा, मानवेंद्र राजा, राजेश पाठक, हरेंद्र राजा, भरत रावत, बलराम, शेरसिंह, विकास झा, योगेश पटेरिया, आशीष दुबे, अभिषेक दुबे, अभिषेक पटेरिया, अंकित नायक, अनुराग राजपूत, रविंद्र घोष, भूपेंद्र यादव, पंकज सिरोठिया, अंकुर दीक्षित, उमेश तिवारी, राजेश सोनी, राजेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में गो सेवक उपस्थित रहे। गौ पुत्र सेना, ललितपुर की ओर से सभी उपस्थित गो सेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि सामूहिक सहभागिता से गौ सम्मान, सेवा एवं संरक्षण के संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। बैठक में 14 दिसंबर के दिल्ली चलो अभियान के लिए लगातार अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

दीपावली पर अवैध आतिशबाजी के खिलाफ सख्ती

पुलिस व अग्निशमन विभाग ने भंडारण, निर्माण या बिक्री की जानकारी तत्काल देने को कहा

ललितपुर। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जिले की पुलिस एवं अग्निशमन विभाग ने अवैध आतिशबाजी के भंडारण, निर्माण और बिक्री पर प्रभावी निगरानी शुरू कर दी है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की ओर से आमजन से विशेष सतर्कता बरतने और अवैध आतिशबाजी के संबंध में तत्काल सूचना देने की अपील की गई है। दीपावली के दौरान आतिशबाजी के कारण आगजनी एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में बिना अनुमति या नियमों का उल्लंघन कर आतिशबाजी का भंडारण, निर्माण अथवा बिक्री करने वालों पर नजर रखी जा रही है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके संज्ञान में कहीं भी अवैध रूप से आतिशबाजी का भंडारण, निर्माण अथवा बिक्री होने की जानकारी आती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस या अग्निशमन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और संभावित हादसे को रोका जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध आतिशबाजी से संबंधित सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। आमजन बिना किसी संकोच के संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण दीपावली मनाने में सहयोग कर सकते हैं। अग्निशमन नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन-पुलिस कंट्रोल रूम है। इन दोनों नंबरों पर अवैध आतिशबाजी के भंडारण, निर्माण एवं बिक्री से संबंधित सूचना अथवा शिकायत दी जा सकती है। दीपावली पर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

अवैध शराब बिक्री से गांव का माहौल बिगड़ने का आरोप

फिर शराब के खिलाफ लामबंद बंद हुए सिरोनकलां के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ग्राम पंचायत सिरोनकलां में देसी शराब के ठेके और कथित अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। समस्त ग्रामवासियों की ओर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर गांव में संचालित देसी शराब के ठेके को बंद कराने तथा अवैध रूप से हो रही शराब की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सिरोनकलां में देशी शराब का वैध ठेका संचालित होने के साथ ही गांव में कई स्थानों पर कथित रूप से अवैध तरीके से देशी शराब की बिक्री भी की जा रही है। इसके चलते गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है और आए दिन विवाद एवं लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि शराब की बढ़ती उपलब्धता का असर गांव के सामाजिक माहौल के साथ-साथ परिवारों पर भी पड़ रहा है। शराब सेवन के कारण कई परिवारों के प्रभावित होने की बात कहते हुए ग्रामीणों ने चिंता जताई कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो गांव की युवा पीढ़ी भी नशे की गिरफ्त में आ सकती है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव में संचालित देसी शराब के ठेके की जांच कराने, कथित अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने तथा गांव में शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि कार्रवाई होने से गांव में शांति एवं सुरक्षित वातावरण कायम करने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजकर पूरे मामले की जांच कराई जाए और यदि अवैध शराब की बिक्री पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही वैध देशी शराब के ठेके को बंद कराने की मांग पर भी प्रशासन से तत्काल निर्णय लेने की अपील की गई है।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नकली खाद माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पनारी की फैक्ट्री ध्वस्त करने की आवाज उठाई

नकली खाद के कथित कारोबार के खिलाफ मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। संगठन ने नकली खाद का कारोबार करने वाले आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने, उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की जांच कर जब्त करने तथा पनारी स्थित कथित नकली खाद फैक्ट्री को ध्वस्त किए जाने की मांग उठाई है।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष एड.हृदेश यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में नकली खाद का कारोबार लंबे समय से संचालित होने के आरोप सामने आते रहे हैं। संगठन का आरोप है कि पूर्व में महरौनी, जखौरा और ललितपुर थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज किए गए, लेकिन सामान्य धाराओं में कार्रवाई होने के कारण आरोपी जमानत पर बाहर आकर दोबारा इसी तरह के कारोबार में संलिप्त हो जाते हैं। ज्ञापन में पनारी स्थित कथित नकली खाद फैक्ट्री का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। संगठन के अनुसार, तत्कालीन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के कार्यकाल में भी उक्त स्थान पर छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में खाद पकड़े जाने की बात सामने आई थी। वहीं, हाल में एसडीएम सदर की कार्रवाई में भी 217 बोरी कथित नकली खाद पकड़े जाने का दावा ज्ञापन में किया गया है। संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। यूथ ब्रिगेड ने आरोप लगाया कि जिले में नकली खाद के मामलों में सामने आए लोग कथित तौर पर संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे हैं और इस अवैध कारोबार से भारी संपत्ति अर्जित किए जाने की आशंका है। संगठन ने आरोपों की जांच कर दोषियों की चल-अचल संपत्तियों का सत्यापन कराने तथा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति मिलने पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नकली खाद के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही पनारी में जिस परिसर से कथित रूप से नकली खाद का कारोबार सामने आया है, उसके संबंध में जांच पूरी कर नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष एड.हृदेश यादव, सोनू मंसूरी, चंद्रपाल यादव, विश्वा, अवधेश राजा बुंदेलखंड तथा जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड साहेब खान सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इधर किसानों को नकली खाद और महंगे दामों पर उर्वरक बेचकर कथित तौर पर किए जा रहे शोषण पर रोक लगाने की मांग को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

तालाब के पास ट्रांसफार्मर से जुड़े तार आए दिन टूटकर गिरने की शिकायत



ललितपुर। ग्राम दैलवारा में तालाब के पास स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर से जुड़े जर्जर और नीचे झूल रहे बिजली के तार ग्रामीणों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तार बेहद नीचे तक लटक रहे हैं और आए दिन टूटकर नीचे गिर जाते हैं। ऐसे में किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह बुंदेला सहित ग्रामीणों और संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि तालाब के पास स्थित ट्रांसफार्मर से निकलने वाले विद्युत तार काफी नीचे झूल रहे हैं। जिस रास्ते से ये तार गुजरते हैं, उसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाली स्कूल बसें और वैन भी निकलती हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, नीचे लटकते तारों के वाहनों के संपर्क में आने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा गांव के लोगों का भी इसी रास्ते से लगातार आवागमन होता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि दुर्घटना होने का इंतजार करने के बजाय जर्जर तारों को तत्काल हटाकर नए तार उचित ऊंचाई पर लगाए जाएं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने गांव में विद्युत आपूर्ति की समस्या भी उठाई है। उनका कहना है कि रात होते ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने गांव में सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

आक्रोशित परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया

जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूती की मौत पर बवाल, परिजनों ने अस्पताल में धरना-प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल की प्रसूति विंग में स्वास्थ्य कर्मियों की कथित संवेदनहीनता और लापरवाही के चलते एक नवविवाहिता की जान चली गई। पहली डिलीवरी के दौरान स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद अत्यधिक रक्तस्राव से 19 वर्षीय अमरीबाई तंवर की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते हुए धरना दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद ही मामला शांत हुआ।

क्या है पूरा मामला?

अमेरपुरा निवासी दिनेश तंवर की 19 वर्षीय पत्नी अमरीबाई को शनिवार रात प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल के मेटर्नल एंड चाइल्ड हेल्थ वार्ड में भर्ती कराया गया था। देर रात महिला ने सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) के जरिए एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही देर में प्रसूता को अत्यधिक रक्तस्राव (पोस्टपार्टम हैमरेज) होने लगा। रविवार तड़के करीब 3 बजे महिला ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया।

परिजनों के गंभीर आरोप, पैसा मांगा, ब्लीडिंग की शिकायत पर भगा दिया

मृतका की सास धापूबाई और परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं, लापरवाही और अनदेखी, परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद जब लगातार ब्लीडिंग हो रही थी, तब उन्होंने कई बार ड्यूटी रूम में जाकर स्टाफ को सूचना दी। आरोप है कि स्टाफ ने मरीज को देखने के बजाय परिजनों को डांटकर भगा दिया।

स्टाफ ने की रिश्वत की मांग

परिजनों ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के समय स्टाफ द्वारा पैसों की मांग की गई थी। पैसे देने में आनाकानी और देरी के चलते प्रसूता के इलाज में जानबूझकर लापरवाही बरती गई, जिससे समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हो गई।

अस्पताल परिसर में धरना पूर्व विधायक भी पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही सुबह अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने शव को उठाने से इनकार करते हुए अस्पताल परिसर में धरना शुरू कर दिया। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर और हेमराज कल्पोनी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने दोषी डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराने और सेवा से बर्खास्त करने की मांग की।

प्रशासन का दखल और कार्रवाई का आश्वासन

स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार और कोतवाली टीआई पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। एसडीएम ने परिजनों और जनप्रतिनिधियों से वार्ता की, घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच के लिए मेडिकल बोर्ड और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है।' जांच में दोषी पाए जाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ तत्काल विभागीय व वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिया गया।प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गई।प्रशासनिक आश्वासन और समझाइश के बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना

जिले में 91 केंद्रों पर 17 अक्टूबर तक होगा मुफ्त पंजीयन, मंडियों में किसानों की होगी वीडियोग्राफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला क्रियान्वयन समिति और मंडी सचिवों की समीक्षा बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी एवं विपणन समितियों के माध्यम से 91 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ 17 अक्टूबर 2026 तक किसानों का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा।

केवल मंडी में बेचने पर ही मिलेगा लाभ

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत किसानों को अपनी उपज कृषि उपज मंडी या निर्धारित उपमंडी प्रांगण में ही बेचनी होगी। एमपी फार्म गेट ऐप अथवा सौदा पत्रक के माध्यम से किए गए विक्रय पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उपज बिकने के बाद भावांतर की राशि सीधे किसान के आधार-लिंक्ड बैंक खाते में ऑनलाइन भेजी जाएगी।

फर्जीवाड़े पर रोक के कड़े इंतजाम

ई-मंडी पोर्टल व वीडियोग्राफी, मंडी में प्रवेश के समय किसान का पंजीयन व वाहन क्रमांक दर्ज होगा और प्रत्येक पंजीकृत किसान की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सत्यापित तौल कांटे, तुलाई में गड़बड़ी रोकने के लिए नापतौल विभाग से प्रमाणित शत-प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कांटों का ही उपयोग होगा। मॉडल रेट का प्रदर्शन, रोजाना तय होने वाला मॉडल रेट मुख्य द्वार, नीलामी शेड और विश्रामगृह पर चस्पा किया जाएगा और अवैध बिक्री पर निगरानीसीमावर्ती मंडियों में दूसरे राज्यों या जिलों से लाई गई उपज और पुरानी सोयाबीन की दोबारा बिक्री रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

24 घंटे चालू रहेगा हेल्प डेस्क

किसानों की सहायता और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक मंडी में 24 घंटा 7 दिन कंट्रोल रूम व हेल्प डेस्क सक्रिय रहेगा, जहां प्राप्त शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर किया जाएगा। कलेक्टर ने मंडियों में पेयजल, कृषक विश्रामगृह, प्रकाश व्यवस्था और सुचारू पार्किंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए

'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किया, 65 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के तहत रविवार, 4 अक्टूबर को मांगलिक भवन खुजनेर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश दागी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों से संबंधित समस्याओं और योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, नगरीय प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत क्रेडिट कार्ड एवं ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन और नामांतरण सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान की गई।विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान के तहत 'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर पार्षद लोकेंद्र यादव, मुकेश यादव, प्रेम राजपूत, इलियास, मुकेश शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, एल्डरमैन अरविंद गुप्ता सहित तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा, बीएमओ डॉ. एस.के. मित्तल, पीओ छाया भारद्वाज, विद्युत मंडल जेई रवि बड़ोने सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद में सेवा सेतु स्वास्थ्य व जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

गरीबों को पक्की छत व मुफ्त इलाज दे रही केंद्र सरकार: विधायक

कुरावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को सुबह 11 बजे नगर परिषद परिसर में सेवा सेतु स्वास्थ्य एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर परिषद द्वारा किया गया।

शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें नाली निर्माण, पानी निकासी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास सहित नगर परिषद से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। वहीं राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरण और बंटवारे के कुछ प्रकरण भी सामने आए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक



मोहन शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब वर्ग को पक्की छत देने के साथ आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाखों रुपए तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने का काम किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से धारा 370 हटाना, आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए हैं।

कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई तथा नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान ने नगर परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र अहिरवार, थाना प्रभारी जितेंद्र मवई, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य राधेश्याम पचवरिया, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, रमेश मालवीय सहित अन्य हितग्राही एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



शिविर में 248 आवेदन प्राप्त, हितग्राहियों को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र

राजगढ़। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के अंतर्गत रविवार को जनपद पंचायत राजगढ़ का ब्लॉक स्तरीय शिविर मंगल भवन राजगढ़ में आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों को सुना गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई।शिविर में कुल 248 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, देवीसिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, दीपक शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, तथा विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आज 1 से 19 वर्ष के बच्चों और महिलाओं को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशानुसार जिले में 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत 1 से 19 वर्ष तक के 4 लाख 89 हजार 984 बच्चों तथा 92 हजार 850 प्रजनन आयु की महिलाओं को पेट के कीड़े (कृमि) नष्ट करने हेतु एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यह विशेष अभियान 6 अक्टूबर 2026 को जिले के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कृमि नियंत्रण की यह दवा बच्चों और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण स्तर में सुधार तथा एनीमिया (खून की कमी) की रोकथाम के लिए अत्यंत लाभदायक है। अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिले के सभी ब्लॉकों में आवश्यक मात्रा में एल्बेंडाजोल की गोलियां पहुंचा दी गई हैं।

मेरा युवा भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक कल

मंदसौर। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला सलाहकार समिति की बैठक आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में प्रातः 11:30 बजे उक्त बैठक कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

पूर्व विधायक ने अस्पताल पहुंचाया

पत्नी के नहीं आने से नाराज पति ने बस स्टैंड के पास जहर खाया



सारंगपुर। पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद रविवार दोपहर एक युवक ने बस स्टैंड के समीप जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी के अनुसार ईंचिवाड़ा निवासी मनीष पिता कालूराम अहिरवार (28) रविवार को अपने गांव से सारंगपुर आया था। इस दौरान उसने मोबाइल पर पत्नी से बात की। बातचीत के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

पत्नी के उसके पास नहीं आने से नाराज युवक ने दोपहर करीब 2 बजे बस स्टैंड के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद मनीष पास ही एक पेड़ के नीचे बैठकर उल्टियां करने लगा। कुछ देर बाद उसके परिजन मौके पर पहुंचे और तबीयत खराब होने का कारण पूछा। युवक ने परिजनों को बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। कारण पूछने पर उसने पत्नी के साथ विवाद और पत्नी के उसके पास नहीं आने की बात बताई। घटना के दौरान पास की एक दुकान पर मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय की नजर युवक पर पड़ी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की मदद से युवक को उपचार के लिए सारंगपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल में डॉक्टर मनीष चैहान ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर शाजापुर रवाना हुए। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही थी।

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में दो दिवसीय 'सेवा सेतु अभियान' का आयोजन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में 3 एवं 4 अक्टूबर को 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिलाना और प्रशासनिक सेवाओं को सुगम बनाना रहा। अभियान के प्रथम दिन 3 अक्टूबर को उच्च शिक्षा विभाग की प्रमुख योजना 'गांव की बेटी योजना' के संबंध में महाविद्यालय की पात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही योजना से संबंधित आवेदनों की प्रक्रिया पूरी कर उनका त्वरित निस्तारण किया गया। वहीं 4 अक्टूबर को मांगलिक भवन, सारंगपुर में विशेष विभागीय स्टॉल लगाए गए। यहां कंप्यूटर ऑपरेटरों की सहायता से छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को विभिन्न डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का ऑन-द-स्पॉट लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता, डॉ. अरुणा सोलंकी, डॉ. भाविक वोरा, श्री धर्मेंद्र खेरवार सहित प्राध्यापकगण, कंप्यूटर ऑपरेटर, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

एसडीएम और एसडीओपी को दी विदाई

नागरिक अभिनंदन, जहां भी रहूंगा सारंगपुर याद आएगा: एसडीओपी सिंह



सारंगपुर। शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक सहज प्रक्रिया है, लेकिन अधिकारी अपने कार्य और व्यवहार से जनता के दिलों में जगह बना लें तो विदाई के क्षण भावुक हो जाते हैं।

सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर स्थानांतरित हुए एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं करीब दो वर्ष तक एसडीएम रहे रोहित बम्हौरे के सम्मान में नगरवासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों अधिकारियों का शाल, श्रीफल एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने कहा कि सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल कब पूरा हो गया, पता ही नहीं चला। यहां की जनता से मिला स्नेह और सहयोग हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा, "मैं जहां भी रहूंगा, सारंगपुर सबसे पहले याद आएगा और यहां की यादें हमेशा दिल में रहेंगी।"

उल्लेखनीय है कि सिंह का स्थानांतरण भोपाल के हनुमानगंज में एसीपी के रूप में हुआ है। राजगढ़ संयुक्त कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित हुए पूर्व एसडीएम रोहित बम्हौरे ने कहा कि सारंगपुर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में माली समाज जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सदानी ने किया। आभार गिरीश जोशी ने माना। समारोह में प्रदीप जैन, शफीक अंसारी, कैलाश टेलर, सत्यनारायण वैष्णव, किशोर पुष्पद, सजन सोनी, सुनील धनगर, नवीन रुण्डवाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

16 दिवसीय रामलीला का मंचन का आज से होगा श्री गणेश

54 वर्ष में प्रवेश करते नारद मोह से प्रथम दिवस लीला प्रारंभ होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर ही नहीं अपितु आसपास ग्रामीण क्षेत्र में अपनी विशेष अनुपम प्रसिद्ध लिए विगत 53 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र का मंचन श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा भाव एवं अपने नित्य कार्य के अलावा समय देकर उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ रामलीला करते आ रहे हैं। मंगलवार से रामलीला का मंचन नगर में इस मंडल द्वारा 54 वर्ष में प्रवेश करते हुए प्रथम दिवस नारद मोह की लीला से प्रारंभ होगा। यह 16 दिवसीय आयोजन अनेकों प्रकार की अपनी अनुठी पहचान लिए होती है। श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार जो कि लगभग 40 सदस्य विगत 1 माह से संवाद कला का सृजन कर (रिहर्सल) करके रामलीला मंचन को आकर्षक संवाद, युद्ध, नृत्य, संगीत, रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ प्रदर्शित करेंगे।

गैस के उजाले से शुरू वर्तमान में विधुत डेकोरेशन पर: रामलीला मंचन की मुख्य विशेषता यह रही की जब नगर में रामलीला की शुरुआत हुई थी तो गैस के उजाले में बिजली के अभाव में स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त आनंद लेते थे।जो वर्तमान में रामलीला में आने वाली भेंट के माध्यम से ही आधुनिक रूप से बिजली की चकाचैंध एवं समस्त कलाकारों द्वारा आकर्षक श्रृंगार एवं वेशभूषा के साथ आदर्शता लिए हुए मंचन किया जावेगा , जो एक अनुकरणीय संदेश भक्तों को देता है।

युवा ही नहीं बुजुर्ग भी जिम्मेदारी से सेवाएं देते

मंडल में अध्यक्ष दिनेश पुरोहित , संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी , पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह मण्डलोई पटेल , गिरीराज जुलानिया , सचिव सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल पुष्पद , संचालक सबसे वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक बीएन आचार्य , सहसचिव प्यारेलाल चैहान , कार्यालय सचिव महेश राठौर , कोषाध्यक्ष अशोक सेन , परामर्शदाता पं. श्यामसुंदर शर्मा , ओमप्रकाश सेन , दिनेश तिवारी शिक्षक सहित यह स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा प्रदान करते हैं।इनमें 76 वर्षिय सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद मंच संचालन के साथ-साथ विभिन्न पात्र की भूमिकाएं निभाते हुए अपनी सेवाएं देते हैं वहीं मंडल के सदस्य एवं नगर के विभिन्न समाजसेवी श्रद्धालु भक्त भेंट स्वरूप आर्थिक रूप से सहयोग करते हुए भारतीय संस्कृति की इस परम्परा का बखूबी निर्वहन करवाने में अपना योगदान देते हैं, वही यह सभी कलाकार एवं मंडल के कार्यकारिणी सदस्य तन मन धन से लगन एवं मेहनत से रामलीला को अविश्ववरणीय रूप देते आ रही है।

कोई भी योजना से वंचित न रहे: यादव



सुठालिया। रविवार को नगर परिषद में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि यदि कोई छूट गया है तो वो आवेदन करे, उसको तुरंत लाभ मिलेगा। ये सरकार की,पार्टी की और हमारे जनप्रतिनिधियों कि मंशा है कोई भी हितग्राही किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे, उनको लाभ मिलना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने बजट में कोई कमी नहीं रखी है। सरकार ने बजट युवाओं महिलाओं के लिए और किसानों के लिए प्रावधान किया है और राशि भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह गया है, वह आगे आए, आवेदन करे, उसे लाभ दिलाया जाएगा। कोई भी आदमी छूटने न पाए।कुछ दिनों पूर्व मृत हुए लोगों के परिजनों को दो लाख रु की राशि एवं प्रधानमंत्री योजना के हितग्राहियों को लोन आदि के लिए स्वीकृत की राशि के स्वीकृति पत्र वितरित। नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी पार्षद आकाश अग्रवाल गोपाल भिलाला पार्षद प्रतिनिधि ओम पालीवाल मनोज शर्मा शिव पंवार दिनेश वर्मा मंडल अध्यक्ष श्याम सोंधिया भगीरथ धनगर कामेश नामदेव सीएमओ अनिल जोशी आदि मौजूद रहे।